Helpline 1064    94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- होमगार्ड पुलिस लाइन, जयपुर में पदस्थ कम्पनी कमांडर चन्द्रशेखर शर्मा को 4,000/– रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

जयपुर, दिनांक 30 अक्टूबर, गुरूवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान की एस.आई.डब्ल्यू. इकाई द्वारा आज एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए होमगार्ड पुलिस लाइन, जयपुर में पदस्थ **कम्पनी कमांडर चन्द्रशेखर शर्मा** को **चार हजार रूपये** की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया की परिवादी, जो स्वयं एक होमगार्ड हैं, ने एक शिकायत दी थी कि आरोपी कम्पनी कमांडर चन्द्रशेखर शर्मा उसकी ड्यूटी लगाने के एवज में **5,000/– रुपये** की रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है। शिकायत के सत्यापन के पश्चात ब्यूरो की टीम द्वारा ट्रैप कार्रवाई आयोजित की गई, जिसके दौरान आरोपी अधिकारी को 4,000/– रुपये की रिश्वत राशि स्वीकार करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

जिस पर जयपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री अनिल कयाल** के सुपरविजिन में एस.आई.डब्ल्यू. इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप सारस्वत** के नेतृत्व में **पुलिस उप अधीक्षक श्री सुरेन्द्र पंचोली** एवं टीम द्वारा के ट्रैप कार्यवाई जारी हैं।

ए.सी.बी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, के प्रावधानों के अंतर्गत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।